सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राजभवन नैनीताल/नानकमत्ता दिनांक 06 जून, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को नानकमत्ता साहिब स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेक कर देश एवं प्रदेश वासियों के सुख–समृद्धि की कामना की। गुरुद्वारे पहुंचने पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष हरबंस सिंह चुग ने उन्हें स्मृति चिन्ह सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने कहा कि मुझे आज बहुत खुशी हो रही है कि आज गुरु के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यहां आकर असीम ऊर्जा और शांति की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि सच्चे बादशाह गुरु नानक देव जी ने हमको सरलता, नम्रता, करुणा, सेवा आदि का जो सबक सिखाया है वह बहुत ही अच्छा मार्गदर्शन है। उन्होंने गुरुनानक देव जी महाराज के आदर्शों और सिद्धांतों को जीवन में उतारने की जरूरत बताई।

..........0..........

राजभवन सूचना परिसर, नैनीताल उत्तराखण्ड मो0–9456590619 टे0/फै0 05942–235001–3